Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 7:10 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:27 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 35 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 22 जुलाई 2026

आमिर की फिल्म 3 इडियट्स...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### सीजेपी मार्च पर पुलिस कार्रवाई पर तुरंत सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के मार्च के दौरान छात्र प्रदर्शनकारियों पर कथित पुलिस कार्रवाई के खिलाफ दायर याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। वकील नरेंद्र मिश्रा ने चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले का जिक्र करते हुए जल्द सुनवाई की मांग की। इस पर सीजेआई ने कहा, हमारा समय बर्बाद मत कीजिए और अपना समय भी बर्बाद मत कीजिए। वकील ने कहा कि छात्र नीट परीक्षा सही तरीके से कराने और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में सुधार जैसे अहम मुद्दे उठा रहे हैं। इस पर सीजेआई ने उनकी बात बीच में रोकते हुए कहा - बहुत-बहुत धन्यवाद। जब वकील ने कहा कि पुलिस की ज्यादती दिखाने वाले वीडियो मौजूद हैं, तो सीजेआई ने कहा, हमें वीडियो में दिलचस्पी नहीं है। हमारे पास वीडियो देखने का समय नहीं है।

### संसद में पीएम मोदी से मिले शरद पवार और सुप्रिया सुले

नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र के दौरान बुधवार को एनसीपी (एससी) के प्रमुख शरद पवार और बारामती से सांसद सुप्रिया सुले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संसद परिसर में मुलाकात की।

इस मुलाकात को मौजूदा राजनीतिक हालात और छात्रों के मुद्दों के संदर्भ में अहम माना जा रहा है। इससे पहले शरद पवार और सुप्रिया सुले मंगलवार को जंतर-मंतर पर चल रहे विरोध प्रदर्शन में भी शामिल हुए थे। यह प्रदर्शन नीट-यूजी पेपर लीक मामले को लेकर हो रहा है। एनसीपी (एससीपी) ने इस मुद्दे पर छात्रों का समर्थन किया है और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को भी समर्थन दिया है। शरद पवार ने केंद्र सरकार से अपील की कि वह छात्रों और नागरिकों की मांगों को संवेदनशीलता के साथ सुने। उन्होंने कहा कि संविधान हर नागरिक को अधिकार देता है और सरकार जनता के प्रति जवाबदेह है।

# दिल्ली मेट्रो के जनपथ, राजीव चौक समेत 16 स्टेशन बंद

नई दिल्ली
एजेंसी

सोमवार को कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शनकारी छात्र इन दिनों अडिग संकल्प का प्रतीक बने हुए हैं। सोमवार को हुए कथित पथराव, लाठीचार्ज और आंसू गैस के बाद भी प्रदर्शनकारियों का हौसला नहीं टूटा। अगले दिन वे दुगुनी ऊर्जा के साथ जंतर-मंतर पहुंचे, जहां उन्होंने रातोंरात मंच फिर से खड़ा कर आंदोलन को नई जान दी। वहीं, दिल्ली पुलिस ने सीजेपी के संसद मार्च के दौरान जमकर उपद्रव करने के मामले में अब तक 10 एफआईआर दर्ज की हैं। दिल्ली मेट्रो के जनपथ, राजीव चौक, पटेल चौक और केंद्रीय सचिवालय समेत 16 मेट्रो स्टेशनों को अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है।



डीएमआरसी ने इसकी जानकारी दी है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के मुताबिक, सुरक्षा कारणों से 1.लोक कल्याण मार्ग, 2. राजीव चौक, 3. पटेल चौक, 4. रामकृष्ण आश्रम मार्ग, 5. बाराखंभा रोड, 6. सुप्रीम कोर्ट, 7. सेवा तीर्थ, 8. जनपथ, 9. मंडी हाउस, 10. केंद्रीय सचिवालय, 11. आईटीओ, 12. दिल्ली गेट, 13. इंद्रप्रस्थ, 14. खान मार्केट, 15. जोर बाग, 16. शिवाजी स्टेडियम मेट्रो स्टेशन अगले आदेश तक बंद रहेंगे।

### पुलिस एक्शन को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई

दिल्ली हाई कोर्ट आज एक पीआईएल पर सुनवाई करेगा, जिसमें एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक की जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल के दौरान स्टूडेंट्स और दूसरे प्रोटेस्टर्स पर कथित पुलिस एक्शन को चुनौती दी गई है। इस याचिका में 18 जुलाई के ऑपरेशन की इंडिपेंडेंट जांच, सबूतों को सुरक्षित रखने और शांतिपूर्ण प्रोटेस्ट के संवैधानिक अधिकार की रक्षा के लिए गाइडलाइंस की मांग की गई है।

### अलग-अलग थानों में 10 एफआईआर दर्ज

दिल्ली पुलिस ने सोमवार को कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संसद मार्च के दौरान जमकर उपद्रव करने के मामले में अलग-अलग थानों में कुल 10 एफआईआर दर्ज की हैं। अधिकारियों ने बताया कि चार एएफआईआर पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन में और तीन कनॉट प्लेस पुलिस स्टेशन में दर्ज की गईं। इसके अलावा, मंदिर मार्ग, बाराखंभा रोड और कर्तव्य पथ पुलिस स्टेशनों में भी एक-एक एएफआईआर दर्ज की गई है।

दोनों सदनों की कार्यवाही 12 बजे तक स्थगित

# मानसून सत्र में आज हंगामा नीट मुद्दे पर चर्चा की मांग

नई दिल्ली
एजेंसी

संसद के मानसून सत्र का आज तीसरा दिन है। पिछले दो दिन विपक्ष के भारी हंगामे के बीच लोकसभा और राज्यसभा को कई बार स्थगित किया गया। विपक्ष लगातार अयोध्या में राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी, कॉकरोच जनता पार्टी के विरोध प्रदर्शन पर पुलिस कार्यवाही और नीट मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहा है।



राज्यसभा में सबसे पहले दिवंगत सदस्यों और अन्य लोगों के लिए शोक संदेश पढ़े गए। विपक्षी सांसदों ने अपनी मांगों को लेकर चर्चा शुरू करने की कोशिश की। लेकिन सभापति सीपी राधाकृष्णन ने उनसे अपनी बारी का इंतजार करने को कहा। इसके बाद सदन के पटल पर रखे जाने वाले दस्तावेज पेश किए गए। इसके बाद विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई और लाठीचार्ज का मुद्दा उठाया। इसके बाद सभापति ने राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने अपने दिए गए नोटिस वाले मुद्दों पर चर्चा की मांग को लेकर जोरदार हंगामा शुरू कर दिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश की। लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। उन्होंने विपक्ष से प्रश्नकाल चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा कि सदन विपक्ष की ओर से उठाए गए किसी भी मुद्दे पर किसी भी समय चर्चा के लिए तैयार है। लेकिन यह चर्चा प्रश्नकाल के बाद होगी। इसके बावजूद विपक्षी सांसदों का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। इसके बाद ओम बिरला ने लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। राज्यसभा में भी रक्षा से जुड़े मुद्दों पर लोक लेखा समिति की रिपोर्ट पेश की जाएंगी। इनमें धनुष तोप प्रणाली के उत्पादन में देरी और खराब गोला-बारूद बदलने में 62.10 करोड़ रुपये के नुकसान से जुड़ी रिपोर्ट शामिल हैं। इसके अलावा, इस्पात क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और कोयला तथा खान मंत्रालयों की अनुदान मांगों पर की गई कार्रवाई से जुड़ी रिपोर्ट भी पेश की जाएंगी।

# संसद में जो हो रहा वो अलोकतांत्रिक है, प्रियंका ने केंद्र पर साधा निशाना

नई दिल्ली
एजेंसी

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को कहा कि छात्रों की मांगें जायज हैं। वे अपने अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन में कुछ भी अलोकतांत्रिक नहीं है। वहीं, उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रों और संसद में जो हो रहा है वह अलोकतांत्रिक है।

पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, छात्रों का संघर्ष वास्तविक है और वे बदलाव की मांग कर रहे हैं। कागजात बार-बार लीक हो रहे हैं। कांग्रेस सांसद ने आगे कहा कि छात्र जायज चिंताएं उठा रहे हैं और उन्होंने फंड के आवंटन पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा, %हमारे साथ जो हुआ वह अप्रासंगिक है। आप (मीडिया) मुझे बताएं कि छात्रों के साथ जो हुआ वह सही है या गलत? छात्रों की मांगें जायज हैं और वे अपने अधिकारों की मांग कर रहे हैं। शिक्षा का बजट 14 लाख करोड़ रुपये है, लेकिन आप अडानी और अंबानी के 16 लाख करोड़ रुपये के कर्ज माफ कर रहे हैं।

कांग्रेस के विरोध-प्रदर्शन पर समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा, कल अखिलेश यादव और पूरी समाजवादी पार्टी जंतर-मंतर पर जमा लोगों के मुद्दों को उठा रही थी। लेकिन यह सरकार सदन को चलने नहीं दे रही है। हम अपनी इस मांग पर अड़े रहे। अखिलेश यादव को गिरफ्तार करके दूर ले जाया गया।. यह सरकार हिटलर के रास्ते पर चल रही है।



# अहमदाबाद में अवैध पटाखा फैक्टरी में भीषण आग, 10 की मौत

नई दिल्ली
एजेंसी

अहमदाबाद के रामोल इलाके में एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग लगने से 10 लोगों की मौत हो गई। फैक्ट्री का लाइसेंस 31 मार्च 2026 को खत्म होने के बाद उसे सील कर दिया गया था, लेकिन रथ यात्रा के दौरान चोरी-छिपे दोबारा संचालन शुरू कर दिया गया। पुलिस ने जांच और अवैध फैक्ट्रियों पर कार्रवाई तेज कर दी है।

गुजरात के अहमदाबाद जिले के रामोल इलाके में एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग लगने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार फैक्ट्री का लाइसेंस खत्म हो चुका था और प्रशासन ने पहले ही इसे सील कर दिया था। इसके बावजूद चोरी-छिपे यहां दोबारा काम शुरू कर दिया गया, जिससे यह बड़ा हादसा हो गया। अहमदाबाद के डीसीपी मयूर पाटिल ने बताया कि फैक्ट्री का लाइसेंस 31 मार्च 2026 को समाप्त हो गया था। इसके बाद पुलिस और प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए फैक्ट्री को बंद कर सील कर दिया था। हालांकि, रथ यात्रा के दौरान पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में व्यस्त थी। इसी का फायदा उठाकर संचालकों ने फैक्ट्री को फिर से चालू कर दिया। डीसीपी पाटिल ने कहा कि इस घटना के बाद अवैध फैक्ट्रियों के खिलाफ अभियान और तेज कर दिया गया है। जिन जमीनों पर लाइसेंस समाप्त होने के बावजूद फैक्ट्रियां चल रही हैं, वहां के जमीन मालिकों से भी कार्रवाई करने को कहा गया है।

# बारिश से नदियों का जलस्तर बढ़ा, राज्य में तीन एनएच समेत 106 मार्ग बंद

देहरादून
हमारे संवाददाता

आज प्रदेश में हल्की बारिश होने की संभावना है। जबकि रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, चमोली, नैनीताल, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

तीन दिन से लगातार जारी बारिश का सिलसिला मंगलवार को थमा तो पहाड़ से लेकर मैदान तक लोगों ने राहत की सांस ली। इसके साथ ही विभिन्न जगहों पर चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों में भी तेजी देखने को मिली। उधर मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से बुधवार को भी हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है।



दरअसल, तीन दिन तक लगातार बारिश के चलते जिले भर में कई जगह भू-धंसाव, भू-स्खलन और नदी-नालों का जलस्तर बढ़ने से लोगों की चिंता बढ़ गई थी। मंगलवार को देहरादून के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हुई। आंकड़ों पर नजर डालें तो जिले भर में सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक 1.8 एमएम बारिश दर्ज की गई। दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 30.9 डिग्री दर्ज किया गया। रात का न्यूनतम तापमान 24.1 डिग्री के साथ सामान्य रहा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 22 जुलाई को हल्की बारिश होने की संभावना है। जबकि रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, चमोली, नैनीताल, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। अन्य जिलों में बिजली चमकने के साथ तेज दौर की बारिश का अनुमान है। आने वाले दिनों की बात करें तो 27 जुलाई तक प्रदेश भर में मौसम का मिजाज कुछ ऐसा ही रहने के आसार है।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने बुलेटिन जारी किया है, उसमें सुबह उत्तरकाशी में भागीरथी नदी, बदरीनाथ में नंद केसरी में पिंडर नदी का जल स्तर खतरे के स्तर के पास पहुंचा हुआ था पर बाद में जल स्तर घटने लगा। अलकनंदा का जल स्तर स्थिर बना हुआ था। देवप्रयाग में गंगा का जल स्तर चेतावनी स्तर के पास पहुंच रहा था और उसका जल स्तर लगातार बढ़ रहा था।

# नैनीताल में यूथ कांग्रेस ने फूंका केंद्र सरकार व दिल्ली पुलिस का पुतला

नैनीताल

हमारे संवाददाता

यूथ कांग्रेस की नगर इकाई द्वारा मंगलवार को नगर अध्यक्ष बंटू आर्या के नेतृत्व में बीते दिवस जंतर मंतर दिल्ली में अपने हक की आवाज उठा रहे छात्र-छात्राओं तथा नौजवानों पर हुई बर्बरता एवं लाठी चार्ज के विरोध में नगर के मल्लीताल स्थित पंत पार्क में केंद्र सरकार व दिल्ली पुलिस का पुतला फूंक कर प्रदर्शन किया गया।

इससे पूर्व हुई सभा में नगर अध्यक्ष बंटू आर्या ने सोमवार को हुई बर्बरता को लोकतंत्र को शर्मसार व मानवीय मूल्यों का हनन करने वाला घटनाक्रम बताया। इस अवसर पर बोलते हुए पूर्व अध्यक्ष नगर कांग्रेस नैनीताल अनुपम कबड्वाल ने कहा निरंतर हो रहे पेपर लीक व देश की बदहाल शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे युवाओं व छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित करने के बजाय केंद्र की हिटलरसाही वाली सरकार ने बल प्रयोग कर उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण व अमानवीय है। सोमवार को हुई घटना में छात्राओं पर अत्याचार व बल प्रयोग ने मोदी सरकार की बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ स्लोगन की पोल खोल दी है। इस अवसर पर उपस्थित अन्य कांग्रेसजनों द्वारा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तुरंत बर्खास्त करने की मांग करी।

प्रदर्शन में पूर्व पालिकाध्यक्ष मुकेश जोशी तथा संजय कुमार,पूर्व दायित्वधारी रईस भाई, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख हिमांशु पांडेय, प्रेम शर्मा, धीरज सिंह बिष्ट, त्रिभुवन सिंह फ र्त्याल, पूर्व उपसचिव व्यापार मंडल कनक साह, जिलाध्यक्ष यूथ सेवादल कमल जोशी, राजू लाल, प्रदीप सहदेव, विरेंद्र सिंह बिष्ट, पूर्व सभासद दीपक कुमार, योगेश साह, महिला कांग्रेस से सुनीता आर्या, गीता मंडल, देवकी देवी, सभासद अंकित चंद्रा, नगर अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ प्रमोद कुमार, ललित कुमार चनियाल, अधिवक्ता गोविंद कुमार, जिलाध्यक्ष एनएसयूआई शार्दूल नेगी समेत अभिषेक कुमार,आयुष कुमार, फैजान, दीपक महरा,महेन्द्र कुमार, सूरज प्रसाद, नफीस अहमद, शुभान अली,दिनेश पांडे तथा दीपक जोशी आदि शामिल रहे।



## सरकार की सख्ती देश की आवाज दबा रही हैःखष्टी बिष्ट



नैनीताल । जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने कहा है कि कथित पेपर लीक के विरोध में सोमवार को जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे आंदोलनकारियों को पुलिस ने हटाकर प्रदर्शन स्थल खाली करा दिया जाना बर्बरता है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने वहां लगे मंच और टेंट भी हटाए और प्रदर्शनकारियों को कनॉट प्लेस क्षेत्र से भी हटाया गया। बिष्ट ने सवाल किया है कि कया ये राजनीतिक जीत है या जन अधिकरों को कुचला गया ?। बिष्ट ने कहा कि प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि पुलिस ने लाठीचार्ज कियाए जिसमें कई लोग घायल हुए।बिष्ट ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में कानून का राज कमजोर पड़ता दिखाई दे रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेपर लीक के अनेक मामलों के बावजूद दोषियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस्तीफ । भी नहीं दिया। उन्होंने दावा किया कि पेपर लीक की घटनाओं से करोड़ों छात्र प्रभावित हुए हैं और शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांग रखने वाले युवाओं पर बल प्रयोग किया गया।



## स्कूली बच्चों को पढ़ाई के साथ तकनीकी शिक्षा से जोड़ा जाना जरुरी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य डॉ. भुवन चंद्र आर्य ने मंगलवार को नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में भ्रमण कर कालेज प्रबंधन से मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने शिक्षा समेत अन्य रचनात्मक कार्यक्रमों में विद्यालय प्रबंधन के योगदान की सराहना की।

इस मौके पर डा.आर्य ने शिक्षा के क्षेत्र में भाजपा की डबल इंजन सरकार की ओर से चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों के बच्चों के लिए सरकार ने कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलायी हैं जिसका लाभ उठाया जाना चाहिए। उन्होंनेकहा कि बदलते दौर में जबकि सरकारी नौकरियां काफी सीमित रह गयी हैं ऐसे में स्कूली बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ ही तकनीकी शिक्षा की ओर जोड़ना बेहद जरुरी है। इससे पूर्व कालेज आगमन पर कालेज के प्रधानाचार्या बिशन सिंह मेहता ने उनका कालेज परिवार की ओर से स्वागत किया। इस मौके पर प्रवीण सती, डॉ रेनू, शहनवाज, चन्द्र प्रकाश, अवंतिका गुप्ता, सागर,मुक्ता चौधरी, आलोक कुमार, गोविन्द बोरा,नीलम, राहुल, प्रकाश चन्द्र, हिंमाशु, महेश, गोविन्द सिंह, कविता, मोहन सिंह मौजूद रहे।

## बीडीसी बैठक के दौरान दुदली गांव के ग्रामीणों ने किया धरना प्रदर्शन

धारी

हमारे संवाददाता

भीमताल विधानसभा क्षेत्र के धारी विकासखंड में मंगलवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने क्षेत्र की सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा पेयजल समेत विभिन्न जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की। कई सदस्यों ने ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया। इसी दौरान बैठक स्थल के बाहर दुदली गांव के ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न मांगे पूरी न होने के कारण लेकर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान दुदली के क्षेत्र पंचायत सदस्य कृपाल सिंह मेहता ने धारी ब्लॉक के ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारी व अन्य अधिकारी पर कार्यों में कमीशन मांगे जाने का आरोप लगाया। विरोध दर्ज कराने के लिए कृपाल सिंह मेहता ग्राम पंचायत अधिकारी के लिए के नोटों की माला लेकर भी पहुंचे। वहीं क्षेत्र पंचायत सदस्य कृपाल सिंह मेहता ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर उप जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान और पारदर्शी विकास कार्य सुनिश्चित करने की मांग की गई। बैठक और प्रदर्शन के चलते पूरे दिन धारी ब्लॉक परिसर में हलचल बनी रही। वहीं आयोजित बैठक में कांग्रेस नेता मनोज शर्मा ने पूर्व से लंबित बहुउद्देशीय मांगों को पूरा करने के लिए नारेबाजी की वहीं उप जिलाधिकारी के माध्यम से विभिन्न मांगों का ज्ञापन मुखयमंत्री को भेजा।



## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## 1 अगस्त से नैनीताल की माल रोड पर वाहनों में हॉर्न के उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंधित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उच्च न्यायालय उत्तराखंड द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन तथा नैनीताल नगर की यातायात व्यवस्था को अधिक सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं पर्यटक अनुकूल बनाए जाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने उत्तराखण्ड मोटरयान नियमावली-2011 के नियम-187 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए तल्लीताल गांधी चौक से मल्लीताल रिक्शा स्टैंड तक संपूर्ण मॉल रोड क्षेत्र में वाहनों द्वारा हॉर्न (ध्वनि संकेतकों) के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए जाने के आदेश पूर्व में जारी किया गए थे। बैठक में जिलाधिकारी रयाल ने आगामी 1 अगस्त (शनिवार) से तल्लीताल गांधी चौक से मल्लीताल रिक्शा स्टैंड तक वाहनों में हॉर्न के उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंधित लगाए जाने हेतु पुलिस, परिवहन, राजस्व तथा विकास प्राधिकरण एवं नगर पालिका द्वारा की जा रही तैयातियों की विस्तार से समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि मॉल रोड में शतप्रतिशत नो हॉर्न जॉन लागू कराए जाने हेतु स्थानीय संगठनों का भी महत्वपूर्ण सहयोग आवश्यकीय है इस हेतु उन्होंने उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं संभागीय परिवहन अधिकारी को शीघ्र ही स्थानीय व्यापार मंडल, टैक्सी एसोसिएशन बार संघ, व्यापार संघ, नाव संगठन तथा डीएसए के साथ ही विभिन्न संगठनों व नैनीताल स्थित विभिन्न संस्थानों के साथ बैठक कर उनका भी सहयोग लिया जाय व उन्हें इस संबंध में जागरूक भी किया जाय।बैठक में पुलिस अधीक्षक (यातायात) जगदीश चंद्र, संभागीय परिवहन अधिकारी अरविन्द पाण्डे, सचिव जिला विकास प्राधिकरण मनीष कुमार, उपजिलाधिकारी नवाजिश खालिक तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत सेमवाल आदि उपस्थित रहे।

## कुमाऊंनी लोक चित्रकला ऐपण विधा की सर्वश्रेष्ठ चित्रलेखा हरिप्रिया साह का निधन

नैनीताल । कुमाऊंनी लोक चित्रकला ऐपण विधा की सर्वश्रेष्ठ चित्रलेखा हरिप्रिया साह (97) का भीमताल में अपने आवास में निधन हो गया। उनके निधन पर पारंपरिक लोक संस्था परंपरा नैनीताल ने उन्हें विनम्र श्रृद्धांजलि अर्पित की है।

परंपरा संस्था के निदेशक बृजमोहन जोशी के मुताबिक हरिप्रिया शाह कुमाऊं अंचल की एक सर्वश्रेष्ठ चित्रलेखा थी। कुमाऊंनी लोक चित्रकला ऐपण विधा की सभी विधाओं की सर्वश्रेष्ठ जानकार थी। वह ऐपण कला में पट्टा चित्रण व वर बूंद विधा के साथ साथ भूमि चित्रण की भी कुशल ऐपणकार थी। कुमाऊंनी लोक शिल्प विधा डिकर मूर्ति कला की भी आप कुशल रचना कर्मी थी। विगत कई वर्षों से पारंपरिक लोक संस्था परंपरा नैनीताल के द्वारा आयोजित भारतीय नववर्ष मिलन समारोह में होने वाले विविध कार्यक्रमों में विशिष्ट अतिथि,निर्णायक के रूप में तथा सममानित होने वाली विभूति के रूप में हमेशा सक्रिय भागीदारी व आशीर्वाद परंपरा को प्राप्त होता रहा।

## NEWS / फटाफट

### प्राथमिक के सभी संवर्गों में होने चाहिए स्थानांतरणःतिवारी

नैनीताल । उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेज कर इस वर्ष सभी संवर्गों में ट्रांसफ र की मांग की है। संगठन का कहना है कि विगत कई वर्षों से ट्रांसफर के नाम से बेसिक शिक्षकों के साथ छलावा किया जा रहा है, प्रत्येक वर्ष शिक्षकों से आवेदन पत्र मंगवाए जाते हैं परंतु अंत में सत्र को शून्य घोषित कर दिया जाता है जिससे वर्षों से ट्रांसफ र की आस लगाए शिक्षकों में घोर निराशा व्याप्त होते जा रही है। राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय सदस्य एवं जिलाध्यक्ष नैनीताल मनोज तिवारी ने इस बाबत शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेज कर शीघ्र ही सभी संवर्गों में रिक्त पदों के सापेक्ष स्थानांतरण की मांग की है साथ ही उन्होंने कहा कि विगत में गंभीर रोग ग्रस्त, विकलांग बच्चों के माता-पिता, पारस्परिक स्थानांतरण आदि सभी संवर्गों में स्थानांतरण की सभी प्रक्रियाएं पूर्ण करने के बाद भी अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है उन्होंने शीघ्र ही सभी श्रेणियां के स्थानांतरण किए जाने की मांग उठाई है।

### बिना बताए घर से निकली महिला लापता

नैनीताल । नगर के तल्लीताल थाना क्षेत्र के अंतर्गत बल्दियाखान निवासी महिला बिना बताए घर से लापता हो गई। परिजनों ने काफी तलाश के बाद भी महिला का कोई सुराग नहीं मिलने पर पुलिस से उसकी खोजबीन की गुहार लगाई है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक बल्दियाखान निवासी रेनू बिष्ट (34) पत्नी भगवत सिंह 17 जुलाई 2026 की रात करीब 11 बजे बिना किसी को बताए घर से चली गई। इसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल सका है। परिचितों से पूछताछ व खोजबीन के बाद पता नहीं लगने पर परिजनों ने पुलिस को सूचित कर गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन की मांग की है। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि महिला की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है और पुलिस टीम उसकी तलाश में जुटी हुई है।

### पर्यटकों को कार में काली फिल्म लगाना पड़ा महंगा

नैनीताल । नगर के तल्लीताल क्षेत्र में काली फि ल्म लगाकर सड़क पर कार दौड़ाना दिल्ली, पटना व चंडीगढ़ के पर्यटकों को भारी पड़ गया। पुलिस ने चालानी कार्रवाई कर कारों से काली फि ल्म उतरवाई। बता दें मंगलवार को तल्लीताल में पुलिस चैकिंग अभियान में जुटी हुई थी। इस दौरान तीन पर्यटकों के वाहनों बीआर0 01 जेआर 2610/ सीएच 01 सीएल 8080 व डीएल 01 सीएके 6262 में काली फि ल्म लगी हुई थी। पुलिस ने पर्यटकों को रोक कर नियम बताते हुए काली फि.ल्म निकालने को कहा लेकिन पर्यटकों ने आनाकानी दिखाई। जिस पर पुलिस कार्रवाई की बात कही तो पर्यटकों ने वाहनों के सीसों से खुद ही काली फि ल्म उतार दी। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि कार के सीसों में काली फ़िल्म लगाकर नियमों का उल्लंघन करने पर वाहन चालक पटना निवासी अनिल कुमार, चंडीगढ़ निवासी सुदर्शन पूरी व दिल्ली निवासी सुभम के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

### स्कूली बच्चों को पौधरोपण हेतु किया प्रेरित



नैनीताल । जिले के भीमताल विकास खंड के राजकीय इंटर कॉलेज मंगोली में मंगलवार को प्रधानाचार्य चंद्रशेखर जोशी के नेतृत्व में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। प्रधानाचार्य जोशी ने स्कूली बच्चों को पौधरोपण की महत्ता बताते हुए खाली स्थानों में अधिक से अधिक पौधरोपण किए जाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर के. एन.कर्नाटक, प्रेम सिंह मेहरा, दीप्ति, रेखा पलडिया, सीमा जोशी, रूपा ,नवनीत बिष्ट, अर्जुन सिंह, भूपाल सिंह मेहता, प्रकाश टमटा, विजय पाल, संजय टमटा एवं मनोज कुमार उपस्थित थे।

## अभिमत

# गलती किसकी?

*मुश्किल यह है कि किसी को अपनी गलती का अहसास नहीं होता है। प्रशासन पर उंगली उठाना सबसे आसान काम है। प्रशासन की आलोचना करने वालों को अपने गिरेबां में झांकना चाहिए। लोगों ने कभी यह सोचा है कि नालियां क्यों जाम होती हैं? नालियों की सफाई के दौरान प्लास्टिक की बोतलें, पॉलीथिन और अन्य कचरा निकलता है, उसे नाली में कौन फेंकता है? क्या प्रशासन के लोग नालियों में कचरा फेंकते हैं? सीधी सी बात है, पहले अपनी गलती सुधारो, उसके बाद प्रशासन पर उंगली उठाने का अधिकार है।*

बरसात के मौसम में जलभराव गंभीर समस्या है। शायद ही कोई ऐसा शहर हो जहां बारिश में जलभराव न होता हो। मुश्किल यह है कि किसी को अपनी गलती का अहसास नहीं होता है। प्रशासन पर उंगली उठाना सबसे आसान काम है। प्रशासन की आलोचना करने वालों को अपने गिरेबां में झांकना चाहिए। लोगों ने कभी यह सोचा है कि नालियां क्यों जाम होती हैं? नालियों की सफाई के दौरान प्लास्टिक की बोतलें, पॉलीथिन और अन्य कचरा निकलता है, उसे नाली में कौन फेंकता है? क्या प्रशासन के लोग नालियों में कचरा फेंकते हैं? सीधी सी बात है, पहले अपनी गलती सुधारो, उसके बाद प्रशासन पर उंगली उठाने का अधिकार है। सच यह है कि सभी शहरों में स्थानीय प्रशासन बरसात का मौसम शुरू होने से पहले नाले-नालियों की सफाई करवाता है। बारिश होने पर जलभराव वाले क्षेत्र में प्रशासन की टीम पानी निकासी का तत्काल प्रबंध करती है। यदाकदा प्रशासन की कमी उजागर जरूर होती है, परन्तु प्रशासन के कार्यों की अनदेखी करना अन्याय होगा। प्रशासन ने मुख्य सड़कों के किनारे और मोहल्लों में कचरे के डिब्बे रखवाये हैं। ज्यादातर शहरों में कूड़ा लेने के लिए वाहन घर-घर और दुकानों तक जाते हैं। अतिक्रमण के कारण नालियां बंद होना भी बहुत बड़ी समस्या है। अतिक्रमण के लिए शहर के कुछ लोग ही जिम्मेदार हैं। गंदे पानी की निकासी की समस्या करीब-करीब हर शहर में है। अनियोजित विकास के कारण जलभराव के साथ ही अन्य समस्याएं पैदा होती हैं। यातायात में बाधा और रास्ताजाम की समस्या अनियोजित विकास है। अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ प्रशासन कार्रवाई करता है तो राजनीति आड़े आ जाती है। न्यायालय के आदेश पर अतिक्रमण हटाने में प्रशासन को मदद मिलती है। विभिन्न शहरों में सड़क चौड़ीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। अतिक्रमण करके निर्माण पर बुलडोजर चलाया जाता है तो प्रशासन पर अन्याय और तानाशाही का आरोप लगता है। सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करना लोगों ने सबसे आसान काम समझ लिया है। नालियों को बंद करने के साथ ही फुटपाथ पर भी कब्जा किया जा रहा है। सुप्रीमकोर्ट ने कुछ दिन पहले ही दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि फुटपाथ पैदल चलने वालों का अधिकार है। फुटपाथ नहीं होने से लोग सड़क पर चलने को मजबूर हैं और दुर्घटना का शिकार होते हैं।

# विधायक ने मेडिकल कॉलेज का दौरा किया

## झएनएमसी के मापदंडो को पूरा कर वर्ष 2026 से ही शुरू होगा मेडिकल कॉलेज



**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

विधायक शिव अरोरा ने प्रशासनिक अधिकारीयों, मेडिकल कॉलेज प्रशासन, कार्यदायी संस्था पेयजल विभाग के साथ मेडिकल कॉलेज का दौरा कर व्यवस्था का जायेजा लिया। विधायक ने कहा कि इसी वर्ष मेडिकल कॉलेज शुरू होने की भी बात कही।

विधायक ने कहा कि बहुत प्रतिष्ठित कुमाऊं व जिला ऊधम सिंह नगर का यह रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज जो लगातार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन व विधायक शिव अरोरा के लगातार प्रयासों व मॉनिटरिंग मे इसका निर्माण कार्य अब अंतिम चरण मे आ गया है। अभी कुछ समय पूर्व राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ( एनएमसी ) द्वारा किया गया रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज के सर्वे मे फैकेल्टी व आवश्यक सांसधनों व निर्माण कार्य पूर्ण न होने के चलते इसकी स्वीकृति पर रोक लगाते हुए 27 जुलाई तक सभी खामिया पूर्ण करते हुए अपील करने का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज जिसका निर्माण कार्य व सभी जरूरी आवश्यकता पूरी होकर 2026 से रुद्रपुर में एमबीबीएस की कक्षाएं प्रारम्भ हो ओर मरीजों को चिकित्सा सुविधा इलाज मिलना प्रारंभ हो जाये इसको लेकर लगातार स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे थे, मगर कुछ मानको मे कमी के चलते मेडिकल कॉलेज प्रारम्भ को लेकर समस्या आयी है।

उन्होंने बताया कि निर्माण अंतिम चरण में है, एनएमसी के मानक अनुसार दी गयी समय अवधि से पहले पूरा करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल को लिखित पत्र लिखा और स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल से दूरभाष पर वार्ता कर कहा मुख्यमंत्री की मंशा अनुसार रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज निर्माण जो अंतिम चरण में है। स्वास्थ्य मंत्री ने विधायक को भरोसा दिया व स्वयं इसकी चिंता कर रहे है। उन्होंने एनएमसी के जरूरी मापदंडो को पूरा करने के निर्देश दे दिए है। विधायक ने स्वास्थ्य सचिव विनय शंकर पांडेय से भी वार्ता की और शीघ्रता से एनएमसी के मानको की पूर्ति करने की बात कही। रुद्रपर मेडिकल कॉलेज जो स्वास्थ्य के क्षेत्र में कुमाऊं के लिए मील का पत्थर सबित होगा। उसको 2026 से आरम्भ किया जाये इसको लेकर उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियो संग मेडिकल कॉलेज का दौरा किया था। इस दौरान सीडीओ दिवेश शाशनी, मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल ऊषा रावत,पेयजल ईई नवीन नवानी, मयंक कक्कड़ आदि लोग मौजद रहे।

## दो बच्चों की मां की गोली मारकर हत्या, युवक ने खुद की भी ली जान



देहरादून। विकासनगर में किराए के कमरे में रही एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोपी युवक ने फिर खुद को भी गोली मार दी। वारदार के पीछे प्रेम प्रसंग की बात सामने आई है।

देहरादून के विकासनगर कोतवाली क्षेत्र स्थित कल्याणपुर में बुधवार को एक सनसनीखेज घटना सामने आई। चकराता निवासी कमलेश ने त्यूणी निवासी संगीता को तमंचे से गोली मारने के बाद खुद को भी गोली मार ली। संगीता कल्याणपुर में किराए के कमरे में अपने दो बच्चों के साथ रहती थी। घटना के समय दोनों बच्चे स्कूल गए हुए थे। शुरुआती जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी है। क्षेत्र हुई इस घटना के बाद से हड़कंप मच गया है।

## एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम ने लापता किशोरी रामपुर से सकुशल बरामद की

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

ऊधम सिंह नगर पुलिस ने गुमशुदा नाबालिगों की तलाश अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए लापता 17 वर्षीय किशोरी को उत्तर प्रदेश के रामपुर से सकुशल बरामद कर लिया। मामले में पुलिस ने अग्रिम वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक ट्रांजिट कैंप थाने में 21 मई 2025 को मुकदमा संख्या 150/25, धारा 140(3) बीएनएस के तहत किशोरी की गुमशुदगी दर्ज की गई थी। एसएसपी के निर्देशन तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर एवं एएचटीयू (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट) के पर्यवेक्षण में गठित टीम लगातार उसकी तलाश में जुटी थी। जांच के दौरान एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने किशोरी को रामपुर से सकुशल बरामद किया। वह अमन पुत्र शंकर लाल निवासी पेईपुरा, थाना बिलासपुर, जिला रामपुर उत्तर प्रदेश के साथ मिली। पुलिस ने दोनों को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर गुमशुदा नाबालिग बच्चों, महिलाओं और पुरुषों की तलाश एवं पुनर्वास के लिए विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जनपद में अन्य गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश भी जारी है। इस कार्रवाई में एएचटीयू प्रभारी अपर उपनिरीक्षक संगीता चंद,कांस्टेबल सुरेश गिरी, महिला कांस्टेबल ममता मेहरा,महिला कांस्टेबल गीता जोशी,कांस्टेबल प्रकाश कार्की शामिल रहे। किशोरी के सकुशल मिलने पर उसके परिजनों ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।

**कार्रवाई**
- एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की गुमशुदगी में लगातार कार्रवाई

## 200 रुपए की उधारी मांगी तो युवक को मारा उस्तरा, गंभीर

रुद्रपुर। कोतवाली क्षेत्र में एक युवक को दो सौ रूपये की उधारी माँगना महंगा पड़ गया। आरोप था कि युवक को रास्ते में घेर कर मारपीट कर उस्तरा मारकर घायल कर दिया।

पुलिस ने पीड़ित की मां की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। पुलिस के मुताबिक रम्पुरा के वार्ड 24 की निवासी कांति देवी ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि दो माह पहले उसके बेटे ने दो सौ रुपये श्याम नाम के युवक को उधार दिए थे। उधार दिए रुपए की की मांग की तो नहीं दिए। बताया कि 17 जुलाई की शाम को बेटा भूतबंगला काम से गया था। कि तभी आरोपी श्याम और उसके भाई अनिल से उधारी का पैसा देने के बहाने बुलाया और हाथपाई करते हुए बेटे की गर्दन पर उस्तरा मार दिया। बेटे को खून से लथपथ अवस्था में जिला अस्पताल ले जाया गया। जहाँ उसकी हालत नाजुक बनी हुईहै। चौकी प्रभारी रम्पुरा पंकज कुमार ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी।

## फिल्मी दुनिया

# सिनेमाघरों में फिर दस्तक देगी आमिर खान की फिल्म 3 इडियट्स



*साल 2009 में आई फिल्म 3 इडियट्स की री-रिलीज को लेकर खबर है। एक बार फिर दर्शक सिनेमाघरों में जाकर आमिर खान की इस फिल्म का लुत्फ उठा सकेंगे।*

*मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान के जन्मदिन के अवसर पर बीते साल आयोजित एक फेस्टिवल में फैंस को उनकी कुछ चर्चित फिल्में दोबारा देखने का मौका मिला। हालांकि, उस लिस्ट में उनकी चर्चित और हिट फिल्म 3 इडियट्स शामिल नहीं थी। अब ऐसी खबर है कि साल 2009 में आई यह ब्लॉकबस्टर फिल्म री-रिलीज होने वाली है। राजकुमार हिरानी निर्देशित फिल्म 3 इडियट्स की री-रिलीज की चर्चा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सितंबर में यह सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होगी। अपनी मूल रिलीज के करीब 17 साल बाद 3 इडियट्स री-रिलीज हो रही है। बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक, अपनी रणनीतिक योजनाओं के तहत एनएच स्टूडियोज 4 सितंबर, 2026 को सिनेमाघरों में ब्लॉकबस्टर फिल्म 3 इडियट्स को बड़े पैमाने पर फिर से रिलीज करने जा रहा है। इससे दर्शक एक बार फिर इसे सिनेमाघरों में देख पाएंगे। बता दें कि इस फिल्म में आमिर खान के अलावा आर. माधवन, शरमन जोशी, करीना कपूर और बोमन ईरानी जैसे सितारे भी अहम भूमिकाओं में हैं।*

### दावे को किया खारिज

*मगर, आमिर खान ने ब्रिटिश फिल्म इंस्टीट्यूट (बीएफआई) में एक सेशन के दौरान इस मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ी और इस दावे को खारिज कर दिया। उन्होंने साफ किया, जब हम फिल्म बना रहे थे, तब मुझे मिस्टर सोनम के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। मैंने हाल ही में चतुर का एक वीडियो देखा, जिसमें उन्होंने यह बात कही थी।*

## जिलाधिकारी ने आपदा प्रबंधन खोज एवं बचाव उपकरणों का किया आवंटन

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

जनपद ऊधम सिंह नगर में आपदा के दौरान त्वरित एवं प्रभावी खोज, बचाव एवं राहत कार्यों को और अधिक गति देने व सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने आवश्यक एवं आधुनिक आपदा संबंधी उपकरणों का आवंटन जिला अधिकारी नितिन भदौरिया ने विभिन्न विभागों को किया।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जनपद की जसपुर, काशीपुर, बाजपुर, गदरपुर, रुद्रपुर, किच्छा, सितारगंज एवं खटीमा तहसीलों, राज्य आपदा मोचन बल, पुलिस विभाग, अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग को आवश्यकता के अनुसार उपकरण उपलब्ध कराए गए। आवंटित उपकरणों में मिनी ड्रोन कैमरा, राफ्ट, वॉकी-टॉकी,सर्च लाइट, मेगाफोन, रेस्क्यू थ्रो बैग, बैटरी एवं पेट्रोल संचालित कटर, गैस डिटेक्टर, फुल फेस मास्क, रेस्पिरेटर (गैस मास्क) सहित अन्य आधुनिक खोज एवं बचाव उपकरण शामिल हैं। यह पहल जनपद की आपदा प्रबंधन क्षमता को और अधिक सुदृढ़ करने तथा आपदा के समय आमजन को शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी ईशान कटारिया, एसडीआरएफ टीम प्रभारी अर्जुन बिष्ट, पुलिस विभाग एवं विभिन्न तहसीलों के कर्मचारी मौजूद थे।



# जीआईसी लोहली में लगा जन कल्याणकारी एवं जागरूकता शिविर

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिले के बेतालघाट विकास खंड के राजकीय इंटर कालेज लोहाली में मंगलवार को राज्य सरकार के सेवाए सुशासन एवं समर्पण अभियान के अंतर्गत विशाल जन कल्याणकारी एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।शिविर में क्षेत्रीय जनता ने पेयजल, सड ?, सिंचाई, सीसी मार्ग, विद्युत व राजस्व एवं स्वास्थ्य से संबंधित समस्याएं रखीं। शिविर में कुल 45 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 41 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिविर में



उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए विधायक नैनीताल सरिता आर्य ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि आमजन को योजनाओं का लाभ उनके घर के द्वार पर ही मिले,इसी उद्देश्य से यह शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ा गया तथा लाभ प्रदान किया गया।महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग द्वारा 3 महिलाओं को मुखयमंत्री महालक्ष्मी किट वितरित की गईं। सहकारिता विभाग द्वारा स्वयं सहायता समूहों को स्वरोजगार हेतु ऋण संबंधित जानकारियां दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 100 से अधिक लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर दवा वितरण किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर मौके पर ही लाभ प्रदान किया गया।जंगली जानवरों से हो रहे नुकसान के संबंध में विधायक श्रीमती आर्या ने वन विभाग को शीघ्र पिंजरा लगाने के निर्देश दिए।शिविर में सूचना एवं लोक संपर्क विभाग में पंजीकृत सांस्कृतिक दल द्वारा लोकगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार कर जागरूक किया गया। इस अवसर पर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रचार साहित्य का भी वितरण किया गया।

शिविर में बलॉक प्रमुख अंकित शाह, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष रमेश सुयाल, ग्राम प्रधान निर्मला बिष्ट, उप प्रधान त्रिभुवन बिष्ट, गंगा भट्ट, क्षेत्र पंचायत सदस्य, उप जिलाधिकारी श्री कैंचीधाम अनुराग आर्य, तहसीलदार भुवन चंद भंडारी, जिला विकास अधिकारी संतोष पंत, खण्ड विकास अधिकारी पंकज जोशी, जिला समाज कल्याण अधिकारी विश्वनाथ गौतम, सहायक परियोजना निदेशक चंद्रा फ र्त्याल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि विभागों के अधिकारी.कर्मचारी एवं बड़ी संखया में क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही।

## News कॉर्नर

### नीट पेपर लीक मामले पर सपा का केंद्र सरकार पर हमला, छात्रों के समर्थन में उठाई आवाज



**हल्द्वानी।** समाजवादी पार्टी के उत्तराखण्ड प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट पेपर लीक मामले को लेकर छात्रों के धरना-प्रदर्शन और संसद कूच के दौरान पुलिस व अर्धसैनिक बलों की कार्रवाई की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ किया गया व्यवहार लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है और इसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने आरोप लगाया कि नीट पेपर लीक से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है, लेकिन केंद्र सरकार ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए था, जबकि लंबे समय से विभिन्न संगठनों और मंचों के माध्यम से उनकी बर्खास्तगी की मांग उठाई जा रही है।

# बंद पानी की टंकी बनी मौत का जाल, मां और दो बेटों की मौत

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

गौलापार क्षेत्र के मानपुर पश्चिम गांव में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया। लंबे समय से बंद पड़ी पानी की टंकी का लैंटर खोलने के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को तीनों शव परिजनों को सौंप दिए।

जानकारी के अनुसार, मृतकों की पहचान सरस्वती देवी (55), उनके पुत्र धर्मेंद्र (45) और खुशाल (35) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि काफी समय से बंद पड़ी पानी की टंकी के भीतर जहरीली गैस जमा हो गई थी। जैसे ही टंकी का लैंटर खोला गया, गैस तेजी से बाहर निकली और तीनों उसकी चपेट में आकर बेहोश हो गए। परिजन और ग्रामीण तत्काल तीनों को सुशीला तिवारी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने



उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम मोनिका आर्या, तहसीलदार कुलदीप पांडेय तथा चोरगलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। प्रारंभिक जांच में बंद टंकी में बनी जहरीली गैस से दम घुटने की आशंका जताई गई है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। इस हृदयविदारक हादसे के बाद मानपुर पश्चिम गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

एक ही परिवार के तीन सदस्यों की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि पूरे गांव में मातम का माहौल बना हुआ है।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही भाजपा सरकार:बंसल

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला नैनीताल की विधानसभा हल्द्वानी में जिला अध्यक्ष कंचन उप्रेती के नेतृत्व में लखपति दीदी सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री तरूण बंसल की उपस्थिति रही। उन्होंने सरकार की योजना के विषय में विस्तार से बताया और कहा कि भाजपा सरकार महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने के लिये कार्य कर रही है और इसके लिये कई योजनाएं लायी है। कार्यक्रम में अनेक समूह जनजागृति समूह, उमंग , नवदुर्गा, श्यामा,, नव चेतना, स्वर्णिमा, महिला एवं पिछले, माँ शक्ति , युक्ति पूर्णिमा जैसे अनेक स्वयं सहायता समूहों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महापौर गजराज बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष एवं प्रभारी नवीन भट्ट ,दर्जा राज्य मंत्री मोहन पाठक , रेनू अधिकारी , कौस्तुभ नंदजोशी ,प्रदेश मंत्री कार्यक्रम प्रदेश सहसंयोजक विजया लक्ष्मी, प्रदेश सह मिडिया संयोजक भूमिका गोयल, प्रदेश प्रवक्ता कल्पना बोरा , जिला महामंत्री राशी जैन, गुंजन सडाना, बसंती महरा सहित सभी जेष्ठ श्रेष्ठ बहनों की उपस्थिति रही।



# छात्रों पर लाठी, लोकतंत्र पर चोट-भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

देश की बदहाल शिक्षा व्यवस्था एवं छात्र-युवाओं की जायज़ मांगों की लगातार अनदेखी के विरोध में दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं एवं युवाओं पर किए गए लाठीचार्ज और बल प्रयोग के विरोध में आज महानगर कांग्रेस कमेटी, हल्द्वानी द्वारा बुद्ध पार्क में भाजपा सरकार का पुतला दहन कर जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष एड. गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा, आज हम छात्र-युवा विरोधी और गैरजिम्मेदार भाजपा सरकार का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर रहे हैं। देशभर के छात्र-युवा लंबे समय से अपनी जायज़ मांगों को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे हैं। कई छात्र आमरण अनशन पर बैठे हैं, लेकिन केंद्र सरकार उनकी आवाज़ सुनने के बजाय पूरी तरह संवेदनहीन बनी हुई है। दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर जिस प्रकार लाठीचार्ज किया गया, वह लोकतंत्र के लिए बेहद शर्मनाक है।

क्या अपने ही बच्चों के साथ भी ऐसा व्यवहार किया जाता है? जो युवा देश का भविष्य हैं, उन्हीं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। अपनी मांगों को शांतिपूर्ण ढंग से रखने वाले छात्रों का दमन किसी भी लोकतांत्रिक सरकार को शोभा नहीं देता। केंद्र सरकार नैतिक जिम्मेदारी स्वीकारकरें।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हेमन्त बगड़वाल, ललित जोशी, मलय बिष्ट, जीवन कार्की, हेमन्त साहू, ब्लॉक अध्यक्ष हेम पांडे, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री एवं पार्षद भागीरथी बिष्ट, रेनू तोमर, विमला सांगूड़ी, मंजू पांडे, मुन्नी जोशी, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंजीनियर सुमित कुमार, महेश कांडपाल, छात्र नेता कमल बोरा, मेहुल साह, एड. भानु सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



### नो एंट्री में घुसी केमू बस, पुलिस ने लौटाया वापस

**नैनीताल ।** नगर में मंगलवार सुबह नो एंट्री नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए केमू बस संखया यूके 01 पीए 8577 प्रतिबंधित गांधी चौक में पहुंच गई। बस के पुलिस चौकी से आगे बढ़ते ही यातायात पुलिस ने उसे रोक लिया। जांच में नो एंट्री जोन में प्रवेश करना यातायात नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर चालक नथुवाखान निवासी देव सिंह का मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किया गया। पुलिस ने बस को शहर में आगे प्रवेश नहीं करने दिया और मौके से ही वापस लौटा दिया। कोतवाल हरपाल सिंह ने कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए नो एंट्री नियमों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है।

# हादसे रोकने को लगाए गए हाईमास्ट, मिरर और चेतावनी बोर्ड

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

तीनपानी से लालकुआँ जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-109 पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्थाओं को और मजबूत कर दिया है।

नगर मजिस्ट्रेट ए.पी. वाजपेई के निर्देशों के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने रेलवे ओवरब्रिज के नीचे उच्च गुणवत्ता की प्रकाश व्यवस्था, कन्वैक्स मिरर, रंबल स्ट्रिप, थर्मोप्लास्ट मार्किंग तथा दिशा-सूचक एवं चेतावनी बोर्ड स्थापित कर दिए हैं। गौरतलब है कि गत 4 जुलाई को नगर मजिस्ट्रेट ए.पी. वाजपेई की अध्यक्षता में एनएचएआई, परिवहन विभाग और पुलिस अधिकारियों



की संयुक्त टीम ने तीनपानी क्षेत्र का निरीक्षण कर सड़क सुरक्षा से जुड़े आवश्यक सुधारों के निर्देश दिए थे। निरीक्षण के दौरान रेलवे ओवरब्रिज के नीचे रोशनी बढ़ाने, सर्विस रोड को सुरक्षित बनाने और यातायात संकेतकों की व्यवस्था दुरुस्त करने पर विशेष जोर दिया गया था। एनएचएआई ने पूरे राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्बाध प्रकाश व्यवस्था बनाए रखने के लिए चार डीजी सेट भी खरीदे हैं, जिनका ट्रायल जारी है। बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में इन्हीं डीजी सेटों के माध्यम से हाईवे की लाइटें संचालित की जाएंगी, जिससे रात के समय भी मार्ग पूरी तरह रोशन रहेगा और दुर्घटनाओं की आशंका कम होगी। नगर मजिस्ट्रेट ए.पी. वाजपेई ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा किसी भी स्थिति में रॉन्ग साइड वाहन न चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा प्रशासन और आमजन की साझा जिम्मेदारी है तथा सभी के सहयोग से ही दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है।

# कुमाऊं पुलिस का तकनीक आधारित पुलिसिंग से साइबर अपराधों पर शिकंजा

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं परिक्षेत्र में डिजिटल पुलिसिंग और साइबर अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में पुलिस ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। तकनीक के प्रभावी उपयोग से ऑनलाइन शिकायतों के त्वरित निस्तारण, साइबर ठगी की रकम की वापसी और अपराधियों पर कार्रवाई में तेजी आई है।

यह जानकारी पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) निवेदिता कुकरेती ने मंगलवार को पुलिस आधुनिकीकरण, सीसीटीएनएस और साइबर पोर्टलों की समीक्षा बैठक के दौरान दी।



आईजी ने बताया कि 1 जनवरी से 20 जुलाई 2026 तक सीसीटीएनएस पोर्टल के माध्यम से 19 हजार से अधिक ऑनलाइन सम्मन प्राप्त हुए, जिनमें बड़ी संख्या में सम्मनों की तामील सुनिश्चित की गई। साइबर शिकायतों के निस्तारण में पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा जिले ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। साइबर धोखाधड़ी के मामलों में पुलिस ने पीड़ितों को 58 लाख रुपये से अधिक की धनराशि वापस कराई। एक माह के भीतर धनराशि रिकवरी की दर में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं, पीड़ितों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मामलों के निस्तारण की संख्या में भी कई गुना बढ़ोतरी हुई है। साइबर अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने 1,268 संदिग्ध लोकेशन चिह्नित कीं। कार्रवाई के दौरान सैकड़ों सिम कार्ड और मोबाइल आईएमईआई ब्लॉक किए गए, जबकि संदिग्ध बैंक खातों की जांच कर कई मुकदमे दर्ज किए गए। आम नागरिकों को राहत देने के लिए ई-जीरो एफआईआर और लिंक एफआईआर जैसी सुविधाओं का भी व्यापक उपयोग किया जा रहा है। आईजी ने बताया कि अंतर्राज्यीय समन्वय के माध्यम से अन्य राज्यों से प्राप्त सहायता अनुरोधों का समयबद्ध निस्तारण किया गया है। साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कई अंतर्राज्यीय गिरोहों से जुड़े आरोपियों की प्रोफाइल राष्ट्रीय पोर्टल पर अपलोड की गई हैं। उन्होंने बताया कि साइबर स्लेवरी और बाल ऑनलाइन सुरक्षा अभियानों के तहत भी प्रभावी कार्रवाई की गई है।